SC

Seat no.--------　　　　　　　　　　No. of printed pages 02 02

[A-57]

SARDAR PATEL UNIVERSITY

T.Y.B.A.(EXTERNAL) EXAMINATION

08 APRIL 2019 Monday

10.00 AM TO 01.00 PM

HINDI- 307A हिंदी साहित्य

प्रश्नपत्र- VII (हिंदी नाट्य साहित्य)

सुचना : हिंदी में शिरोरेखा अनिवार्य है |　　　　　　　　TOTAL MARKS : 100

प्रश्न -१ सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए |　　　　　　　　(२१)

(क) जैसे गंगा का पानी नाली का पानी गंगा में मिल जाता और गंगा बन जाता है, वैसे ही संत के अखाड़े में चोर, लफंगा, जुआरी, बदमाश, जोकर, शराबी कबाबी जो भी आएगा बेटा संत के अखाड़े में संत बन जायेगा |

अथवा

यह मेरी कमाई की नही है | मेरी कमाई का पैसा मेरी जेब में है | मैं अपनीं मेहनत की कमाई पर जीता हूँ| मुझे और पाँच मोहरें नहीं चाहिए | मेरे पास भगवान का दिया बहुत कुछ है |

(ख) लोभ पाप को मूल है, लोभ मिटावत मान
लोभ कभी नही कीजिए, या मैं नरक निदान |

अथवा

अरे इस नगर का नाम ही अंधेर नगरी है |
और राजा का नाम चौपट है, तब बचने की कौन आशा है ?

(ग) जिसने सारी जिन्दगी खून का जाम पिया है | उसे दवा का जाम क्या फायदा करेगा इसे फेंक दो, जीनत, उस खिड़की की राह फेंक दो |

अथवा

हाँ, उसी की जरूरत है | जो लोग इस गरीबी और गंदगी की दलदल से दूर रहकर उसमें फंसी दुनिया के बेबस अरमानों को समाज के सामने मुस्तैदी के साथ चुनौती का रूप दे सकें |

प्रश्न -२ नाट्य कला की दृष्टी से 'चरनदास चोर' नाटक की समीक्षा कीजिए |　　　　(१५)

अथवा

चरनदास की चरित्रगत विशेषताओं की चर्चा कीजिए |

प्रश्न- ३. 'अंधेर नगरी' नाटक के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध करते हुए उसके कथानक की चर्चा (१५) कीजिये |

अथवा

(P.T.O)

'अंधेर नगरी' नाटक के रचनाकाल की समसामयिक परिस्थितियों की चर्चा करते हुए उसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

प्रश्न – ४ प्रतीकात्मक एकांकी के रूप में 'सडक' एकांकी की समीक्षा कीजिए। (१५)

अथवा

'जोंक'एकांकी में चरित्र-चित्रण कला पर विशेष प्रकाश डालिए।

प्रश्न- ५ किन्हीं दो पर संक्षेप में लिखिए : (१४)

(१) 'आधे-अधूरे' नाटक में निरुपित समस्या
(२) 'अंधायुग' नाटक में निरुपित अश्वत्थामा का चरित्र
(३) 'कोणार्क' नाटक में नायक
(४) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में निरुपित समस्या और समाधान

प्रश्न – ६ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक एक वाक्य में लिखिए : (२०)

(१) 'कोणार्क' नाटक के नाटककार कौन है ?
(२) 'अंधायुग' नाटक का नायक द्रोणाचार्य है या अश्वत्थामा ?
(३) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की नायिका कौन है ?
(४) 'अंधायुग' नाटक का काव्य-स्वरूप किस प्रकार का है ?
(५) भारतेंदु हरिश्चन्द्र ने 'अंधायुग' लिखा है या 'अँधेरी नगरी' ?
(६) 'कोणार्क' नाटक का नायक कौन है ?
(७) हबीब तनवीर द्वारा कौन-सा नाटक लिखा गया है ?
(८) रानी के किस प्रस्ताव को चरनदास ने ठुकरा दिया ?
(९) 'जोंक' एकांकी का शीर्षक किस चरित्र को सूचित करता है ?
(१०) 'कोणार्क' नाटक में निरुपित मुख्य समस्या कौन-सी है ?
(११) आधुनिक युग के प्रमुख नाटककार कौन हैं ?
(१२) पाठ्यक्रम में आगत कौन-सा एकांकी रामकुमार वर्मा ने लिखा है ?
(१३) औरंगजेब के भाइयों के नाम बताइए।
(१४) 'बंदी' एकांकी के मुख्य पात्र कौन है ?
(१५) छत्तिसगढ का प्रमुख लोकनाट्य कौन-सा है ?
(१६) जयशंकर प्रसाद रचित अन्य नाटक का नाम लिखिए।
(१७) 'अंधेर नगरी' कितने अंकों में विभाजित नाटक है ?
(१८) गुरूजी का नाम क्या है ?
(१९) औरंगजेब की बेटी का नाम क्या है ?
(२०) मुनीम ने कितनी मोहरें चुराई थीं ?

— x —